श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय
(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)
बी-४, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

पत्रांक: F.-1(9)/LBSNSU/ G. T./Admin-1/2023-24/705 दिनांक 14.09.2023

अधिसूचना

श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली (शैक्षणिक सत्र- 2023-24) के लिए निम्नलिखित सहायक आचार्य (अतिथि) (Guest Faculty) के लिये आवेदन आमन्त्रित किये जाते हैं:-

क्रम संख्या	विभाग	सहायक आचार्य (अतिथि) संख्या एवं श्रेणी
01.	विशिष्टाद्वैत वेदान्त	**01 (01-SC)**
02.	अद्वैत वेदान्त	**01 (01-OBC)**
03.	मानविकी विभाग- (अंग्रेजी)	**01 (01-UR)**
04.	मानविकी विभाग- (हिन्दी)	**03 (02-UR & 01-ST)**
05.	धर्मशास्त्र विभाग	**01 (01-OBC)**

सहायक आचार्य (अतिथि)
1,500/- रूपये प्रति व्याख्यान तथा अधिकतम 50,000/- रूपये प्रति माह जो भी कम हो देय होगा

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम 2018 के अन्तर्गत अतिथि अध्यापकों के लिए वांछनीय योग्यता निम्न प्रकार है:-

01. किसी भारतीय विश्वविद्यालय से संबंधित/संगत/संबद्ध विषय में 55 प्रतिशत अंक के साथ निष्णात (स्नातकोत्तर) उपाधि (अथवा जहां कहीं भी ग्रेडिंग प्रणाली लागू हो वहां प्वाईट स्केल में समतुल्य ग्रेड) अथवा किसी प्रत्यायित विदेशी विश्वविद्यालय से समतुल्य उपाधि ।

02. उक्त अर्हताओं को पूरा करने के साथ-साथ अभ्यर्थी ने विश्वद्यिालय अनुदान आयोग अथवा CSIR द्वारा आयोजित राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (NET) उत्तीर्ण की हो अथवा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा प्रत्यायित इसी प्रकार की परीक्षा यथा SLET/SET उत्तीर्ण की हो अथवा जिन्हें विश्वविद्यालय अनुदान आयोग M.Phil/Ph.D उपाधि के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रिया) विनियम 2009 अथवा 2016 और समय-समय पर इनमें बाद में किये गये संशोधनों,जैसा भी मामला हो, के अनुसार की हो अथवा Ph.D की उपाधि प्रदान की गयी हो, उन्हें NET/SLET/SET से छूट प्रदान की जायेगी :-

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग विनियम, 2018 के अनुसार कला, वाणिज्य, मानविकी, शिक्षा, कानून, सामाजिक विज्ञान, विज्ञान, भाषा पुस्तकालय विज्ञान, भौतिक शिक्षा और पत्रकारिता और जन संचार के विषयों के लिए निर्धारित पात्रता मानंदड यूजीसी में खण्ड (4.1) के तहत दिए गए है ।

शर्तेः-

01. अतिथि अध्यापकों के लिए निर्धारित आवेदन-पत्र को विश्वविद्यालय के वेबसाईट **www.slbsrsv.ac.in** से **Downnload** किया जा सकता है ।

02. निर्धारित आवेदन-पत्र को विधिवत रूप से पूर्ण कर संलग्न प्रपत्रों सहित स्पीड पोस्ट/रजिस्ट्रड पोस्ट/स्वयं कार्यालय में आकर कर **कुलसचिव, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, (केन्द्रीय विश्वविद्यालय), बी-4, कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली**-110016 के नाम अन्तिम तिथि दिनांक **25.09.2023** तक प्रेषित कर सकते हैं । अन्तिम तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन पत्र किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किए जाएगें ।

कृ.पृ.उ.

पूर्व पृष्ठ से जारीः-

03. चयन साक्षात्कार के माध्यम से किया जायेगा । साक्षात्कार की तिथियां विश्वविद्यालय वेबसाईट पर प्रदर्शित की जायेंगी । सम्बन्धित उम्मीदवारों को चाहिए कि वह विश्वविद्यालय की वेबसाईट को लगातार देखें ।

04. अतिथि अध्यापक को किसी प्रकार का भत्ता, पेंशन,ग्रेज्युटी, अवकाश इत्यादि देय नहीं होगा ।

05. आरक्षण श्रेणी के उम्मीदवारों की शैक्षणिक योग्यता के लिए निर्धारित अंकों में छूट विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षिक कर्मचारियों की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हता तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रखरखाव हेतु अन्य उपाय संबंधी विनियम-2018 के अनुसार प्रदान की जायेगी ।

06. **विशिष्टाद्वैत वेदान्त, अद्वैत वेदान्त एवं धर्मशास्त्र विषयों में संस्कृत माध्यम से पढ़ाने की दक्षता अनिवार्य है तथा पारम्परिक शास्त्रीय विषयों में सम्बद्ध विषय के आचार्य उपाधि धारकों को वरीयता दी जायेगी ।**

07. इस अधिसूचना में यदि कोई त्रुटि पायी जाती है तो उसे नियमानुसार संशोधित किया जाऐगा ।

14.09.2023

कुलसचिव (प्रभारी)

प्रतिलिपिः-

01. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित है कि संबंधित अधिसूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रदर्शित करने का कष्ट करें ।
02. विश्वविद्यालय के सभी सूचना पट्ट
03. समस्त पीठाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष
04. विशेषाकार्याधिकारी कुलपति कार्यालय
05. कुलसचिव के निजी सचिव
06. संबंधित पत्रावली

14.09.2023

कुलसचिव (प्रभारी)

14.09.2023

Sh. Sachin

14/09/23